हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला(कांगड़ा)-176215

**H.P. BOARD OF SCHOOL EDUCATION, DHARAMSHALA-176215**

# e-Tender for Printing and Supply of Carton Boxes at H.P. Board of School Education, Dharamshala.

| | | |
|---|---|---|
| Date of Issuance | : | 05 August 2025 |
| Last Date for e-Tender Submission | : | 26 August 2025 |
| Opening of Technical Bids | : | 27 August 2025 |

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला(कांगड़ा)–176215
H.P. BOARD OF SCHOOL EDUCATION, DHARAMSHALA-176215

## निविदा की विषय सूची



| क्रमांक सं0 | विषय वस्तु | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1 | ई -निविदा सूचना | 01 |
| 2. | निविदा प्रक्रिया की समय सारणी | 02 |
| 3. | कार्यक्षेत्र(Scope of Work), निविदादाता हेतु सामान्य निर्देश | 03 |
| 4. | निविदा से संबधित विस्तृत निर्देश एवं शर्ते | 04-06 |
| 5. | तकनीकी निविदा (प्रपत्र "A") | 07 |
| 6. | स्टाम पेपर पर निविदादाता द्वारा घोषणा पत्र ( प्रपत्र "B") | 08 |
| 7. | Anti-Collusion Affidavit ( प्रपत्र "C") | 09 |
| 8. | शपथ पत्र (Undertaking about Size, Specification & GSM) (प्रपत्र "D") | 10 |



सचिव

**हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला(कांगड़ा)–176215**
**H.P. BOARD OF SCHOOL EDUCATION, DHARAMSHALA-176215**

क्रमांक: हि०शि०बो०(7)/ भण्डार-1/2025- 1271 दिनांक: 05 अगस्त 2025

**"ई- निविदा सूचना"**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला द्वारा Printing and Supply of Carton Boxes **(कार्टन बाक्स की छपाई व आपूर्ति) हेतु** दिनांक **05-08-2025** अपराह्न **03:00** बजे से ऑनलाइन ई-प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया से निविदा आमंत्रित की जाती है, निविदादाता दस्तावेज बोर्ड की वैबसाइट https://hpbose.org एवं https://hptenders.gov.in पर देख सकते है। निविदादाता निविदाएं केवल वैबसाइट https://hptenders.gov.in के माध्यम से ही अपलोड कर सकते है।

सचिव

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला(कांगड़ा)–176215

**H.P. BOARD OF SCHOOL EDUCATION, DHARAMSHALA-176215**

## Important Dates

| Sr. No | Event | Date |
|---|---|---|
| 1 | Date and Time for online Publication of tender on website | 05 -08-2025 1: 00 p.m.<br>www.hpbose.org<br>https:/hptenders.gov.in |
| 2 | Sarting Date & Time for download/uplodading of e-tender with requisite documents | 05 -08-2025 3:00 p.m.<br>https:/hptenders.gov.in |
| 3 | Last date and Time for downloading/uploading of e-tender alongwith requisite documents | 26-08-2025 5:00 p.m. |
| 4. | Last date and Time for submission of original copy of DD of Tender Fee, FDR of EMD& Annexure A, B, C & D, self attested copy of PAN, GST & Power of Attorney in case of Firm/Company | 27 -08-2025 12:30 p.m. |
| 5. | Last Date and Time for submission of Carton Box Sample as per specification. | 27 -08-2025 12:30 p.m. |
| 6. | Date and time of opening of Technical Bid. | 27 -08-2025 2:30 pm |
| 7. | Tender Fee | Tender fee of`1,000/- (Non- Refundable) can be deposited/acceptable only in the shape of DD/Bank Draft issued by any of the Nationalised/Scheduled/co-operative Bank.The proof of DD/Bank Draft be uploaded with the Technical Bid and original copy of DD/Bank Draft of Tender Fee is to be submitted separatelyon or before scheduled date and time. |
| 8. | EMD (Earnest Money Deposited) | EMD (Earnest Money Deposited) depositof ₹ 25,000/- (`Twenty Five Thousand only) is to be deposited in the form of FDR pledged in favour of Secretary, H.P Board of School Education Dharamshala. FDR should be issued by any Nationalised/Scheduled/co-operative Bank. Proof of deposit of EMDis to be uploaded in Technical Bid and original copy of the FDR is to be submitted separately on or before schedule date and time. |
| | निविदा खोलने वाले दिन यदि राजकीय अवकाश घोषित होता है, तो उसके अगले दिन निविदाओं को खोला जाएगा। | |
| | **Venue for opening of e-Tender : HP BOSE H.Q. Dharamshala** | |

सचिव

# हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला(कांगड़ा)–176215
# H.P. BOARD OF SCHOOL EDUCATION, DHARAMSHALA-176215

## e-Tender for Printing and Supply of Carton Boxes

## कार्यक्षेत्र (Scope of Work)

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला द्वारा Printing and Supply of Carton Boxes (कार्टन बॉक्स की छपाई व आपूर्ति) **हेतु** दिनांक- 05-08-2025 को अपराह्न 03:00 बजे से आनलाइन ई-प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया से निविदा आमंत्रित की जाती है, कार्य का विवरण निम्नलिखित प्रकार से है:-

| Sr. No. | Description of Item | Approx. Quantity | Size & Specification of Carton Boxes |
|---|---|---|---|
| 1. | Printing & Supply of **Carton Boxes alongwith** Printing of Logo of the Board on both sides of the Carton Box with Black Colour as per sample attached | 15,000 Nos | (i) Size = 13"x9"x16" inches (L W H)<br>(ii) No of Ply = 3<br>(iii) GSM = 180<br>(iv) Body Colour Brown |

1. **निविदादाता हेतु सामान्य निर्देश**

i) निविदादाता टैंडर दस्तावेज बोर्ड की वैबसाइट https://hpbose.org एवं https://hptenders.gov.in पर देख सकते है। निविदादाता निविदाएं केवल वैबसाइट https://hptenders.gov.in के माध्यम से ही अपलोड कर सकते है।

ii) निविदादाता को निविदा अपलोड करने हेतु सूचना तकनीकी अधिनियम 2000 के तहत डिजिटल सिग्नेचर (Digital Signature) लेना अनिवार्य है।

iii) **निविदा फीस**–इच्छुक निविदादाता द्वारा ₹ 1000/–(₹एक हजार मात्र) का बैंक ड्राफ्ट/डी0डी0 जो सचिव हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला जिला कांगड़ा के नाम देय हो, की छायाप्रति तकनीकी निविदा साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा। निविदा फीस की राशि Non-refundable होगी। निविदा फीस के बिना प्राप्त निविदा स्वीकार्य नहीं होगी। निविदा फीस का बैंक ड्राफ्ट/डी0डी0 मूल रूप से निर्धारित तिथि एवं समय अनुसार कार्यालय में जमा करवाना होगा।

iv) निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए ₹ 25,000/– (₹ पच्चीस हजार मात्र ) की धरोहर राशि एफ0 डी0 आर0 के रूप में जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक/शैडयूलड बैंक/सहकारी बैंक द्वारा कम से कम एक वर्ष के लिए जारी तथा सचिव, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के पक्ष में बंधक (Pledged) हो, जमा करवानी होगी। जिसका प्रमाण तकनीकी निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा। धरोहर राशि के बिना प्राप्त निविदाएं स्वीकार्य नहीं की जाएगी। असफल निविदादाताओं की धरोहर राशि निविदा मूल्यांकन उपरान्त वापिस कर दी जाएगी, चयनित निविदादाता/सफल निविदादाता की धरोहर राशि निष्पादन प्रतिभूति राशि में परिवर्तित की जाएगी। निष्पादन प्रतिभूति राशि को अनुबंध समाप्ति के 60 दिन उपरांत वापिस कर दिया जाएगा।

v) निविदा फीस का मूल बैंक ड्राफ्ट/डी0डी0, धरोहर राशि की मूल एफ0डी0आर0, पैन नंबर तथा जी०एस०टी० पंजीकरण की स्वयं सत्यापित छायाप्रतियां व **प्रपत्र B, C & D** के अनुसार नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र की मूल प्रति निर्धारित तिथि एवं समय के अनुसार ई-निविदा में अपलोड करने के अतिरिक्त भौतिक रूप से **प्रपत्र A** सहित बोर्ड कार्यालय में जमा करवानी अनिवार्य होगी अन्यथा मूल्यांकन में निविदादाता की निविदा को निरस्त माना जाएगा।

vi) निविदा फीस तथा धरोहर राशि निविदादाता द्वारा स्वयं जमा करवाई जाएगी। निविदादाता की ओर से किसी अन्य द्वारा जमा निविदा फीस, धरोहर राशि स्वीकार्य नहीं होगी। इस अवस्था में निविदा को निरस्त माना जाएगा।

vii) कम्पनी/सांझेदारी फर्म की अवस्था में अधिकृत व्यक्ति ही हस्ताक्षर हेतू मान्य होगा और इस स्थिति में कम्पनी/फर्म द्वारा जारी प्राधिकृत हस्ताक्षरी के पक्ष में जारी Power of Attorney प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। जिसमें उसे कम्पनी/फर्म की ओर से निविदा सम्बंधी दस्तावेज हस्ताक्षरित करने हेतु और निविदा प्रकिया में हिस्सा लेने हेतु अधिकृत किया गया हो। Power of Attorney की प्रति तकनीकी निविदा मे अपलोड करना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त Power of Attorney की मूल प्रति भौतिक रूप से कार्यालय में जमा करवानी होगी।

**निविदा की निर्देश एवं शर्तों के अनुसार वाछिंत दस्तावेज बोर्ड कार्यालय/तकनीकी निविदा में निर्धारित समयावधि में उपलब्ध/अपलोड न करवाने की स्थिति में निविदा स्वतः ही निरस्त मानी जाएगी।**

2. **निविदा से सम्बंधित विस्तृत निर्देश एवं शर्तें**

i) ई–निविदा **प्रपत्र** का भलीभांति अध्ययन करने के उपरान्त वित्तीय दरें (Financial Bid) मदवार निर्धारित BOQ Excel Sheet फॉरमेट पर ऑनलाईन प्रस्तुत करनी होंगी।

ii) ऑनलाईन प्रस्तुत की गई निविदा की दरें ही मूल्यांकन हेतु मान्य होंगी। अन्य किसी भी माध्यम से प्रस्तुत की गई दरें मान्य नहीं होंगी। **तकनीकी निविदा में वित्तीय निविदा या दरों का उल्लेख** पाए जाने पर निविदादाता को तकनीकी निविदा के मूल्यांकन में असफल घोषित किया जाएगा।

iii) तकनीकी निविदा **प्रपत्र A** को निविदादाता द्वारा ऑनलाईन अपलोड किया जाना अनिवार्य है। तकनीकी निविदा में अपलोड किए जाने वाले समस्त दस्तावेज निविदादाता द्वारा स्वयं सत्यापित (Self Attested) होने चाहिए। इसके अतिरिक्त तकनीकी निविदा में प्रस्तुत दस्तावेजों की वैधता के लिए निविदादाता स्वयं उत्तरदायी होगा। यदि कोई सूचना/दस्तावेज असत्य अथवा अपूर्ण पाई जाती है, तो उसके लिए निविदादाता स्वयं उत्तरदायी होगा और उसका नाम काली सूची में सम्मिलित कर दिया जाएगा।

iv) सम्पूर्ण कार्य हेतु एक निविदादाता की एक ही निविदा मान्य होगी अर्थात एक निविदादाता दो निविदाएं प्रस्तुत नहीं करेगा।

v) कार्य आवंटन का अधिकार बोर्ड के पास सुरक्षित होगा। इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का प्रतिवेदन स्वीकार्य/विचार योग्य नहीं होगा।

3. **तकनीकी निविदा के साथ लगाये जाने वाले दस्तावेजः–**

i) सर्वप्रथम **प्रपत्र A** की हस्ताक्षरित प्रति **(मोहर सहित)** तकनीकी निविदा में अपलोड करना अनिवार्य है।

ii) आयकर पैन कार्ड की स्वयं सत्यापित छायाप्रति, जिसमें स्थायी आयकर खाता संख्या का उल्लेख पठनीय हो, तकनीकी निविदा में अपलोड करें। यदि निविदादाता सांझेदारी फर्म या कम्पनी हो तो उस अवस्था में फर्म तथा कम्पनी के पक्ष में जारी PAN लगाना अनिवार्य होगा, ऐसी स्थिति में व्यक्तिगत PAN मान्य नहीं होगा।

iii) GSTIN (Goods and Services Tax Identification Number) पंजीकरण प्रमाण पत्र की वैध स्वयं सत्यापित छायाप्रति अपलोड करें।

iv) निविदा फीस के बैंक ड्राफ्ट/डी०डी० की छायाप्रति ई-निविदा में अपलोड करना अनिवार्य है।

v) कार्टन बॉक्स का सैम्पल **(अपने पूरे पत्ते व मोहर सहित)** भौतिक रूप से कार्यालय में निर्धारित तिथि एवं समय अनुसार कार्यालय में जमा करवाना होगा। सैम्पल के बिना जमा निविदा का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।

vi) यदि निविदादाता सांझेदारी फर्म हो तो उस अवस्था में उनको फर्म के पक्ष में Registrar of Firms की ओर से जारी पंजीकरण तथा Partnership Deed जोकि Partnership Act, 1932 एवं समय–समय पर हुए संशोधनों के अन्तर्गत जारी की गई हो, की छायाप्रति तकनीकी निविदा के साथ अपलोड करनी होगी।

vii) अगर निविदादाता Public Ltd/Pvt Ltd Company के तौर पर भाग ले रहा हो तो इस अवस्था में उन्हें Company Act 1956 एवं समय-समय पर हुए संशोधनों के अन्तर्गत जारी Certificate of Incorporation तथा Memorandum of Association/Article of Association की छायाप्रति तकनीकी निविदा के साथ अपलोडकरना अनिवार्य होगा।

viii) निविदादाता को प्रपत्र B के अनुसार नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र तकनीकी निविदा में अपलोड करना अनिवार्य होगा। शपथ पत्र में निर्धारित स्थान/स्थानों पर निविदादाता के हस्ताक्षर अनिवार्य है अन्यथा मूल्यांकन के दौरान निविदादाता को असफल घोषित किया जाएगा।

ix) निविदादाता को Anti-Collusion Affidavit निर्धारित प्रपत्र 'C' के अनुसार तकनीकी निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है। शपथ पत्र में निर्धारित स्थान/स्थानों पर निविदादाता के हस्ताक्षर अनिवार्य है अन्यथा मूल्यांकन के दौरान निविदादाता को असफल घोषित किया जाएगा।

x) निविदा फीस का मूल बैंक डाफ्ट/डी०डी०, धरोहर राशि की मूल एफ०डी०आर०, निर्धारत **शपथ पत्र B, C & D** की मूल प्रति एवं पैन कार्ड, जी०एस०टी० पंजीकरण की स्वयं सत्यापित छायाप्रतियां व कार्टन बॉक्स सैम्पल व **प्रपत्र A** की मूल प्रति हस्ताक्षर एवं मोहर सहित तथा फर्म व कम्पनी की स्थिति में Power of Attorney की मुल प्रति भौतिक रूप से जमा करवाना भी अनिवार्य होगी अन्यथा तकनीकी निविदा के मूल्यांकन के दौरान निविदादाता को असफल घोषित किया जाएगा।

xi) निर्धारित अवधि अनुसार कार्टन बॉक्स सैम्पल जमा करवाना एक अनिवार्य शर्त है तथा कार्टन बॉक्स सैम्पल का मुल्यांकन तकनीकी निविदा मूल्यांकन का हिस्सा है।

4. **वित्तीय निविदा की नियम एवं शर्ते :–**

i) ऑनलाइन BOQ Excel Sheet फॉरमेट में प्रस्तुत निविदाएं ही मान्य होगी।

ii) BOQ में कार्टन बॉक्स कीछपाई एवं आपूर्ति हेतु दर्शाई जाने वाली दरें प्रति Carton Box के आधार पर होगी।

iii) वित्तीय निविदाएं केवल उन्हीं निविदादाताओं की खोली जाएगी जो निविदादाता तकनीकी निविदा में सफल होगें।

iv) ऑनलाइन BOQ Excel Sheet फॉरमेट में प्रस्तुत वित्तीय निविदाओं को तकनीकी निविदा के मूल्यांकन उपरान्त खोला जाएगा।

v) BOQ में जिस फर्म की दरें सबसे कम होगी उसे सफल निविदादाता(L1) घोषित किया जाएगा। निविदा समिति **(L1) के साथ मोल भाव का अधिकार रखती है।**

vi) मूल्यांकन प्रक्रिया उपरान्त सफल निविदादाता (L1) की दरों का अन्तिम अनुमोदन माननीय अध्यक्ष महोदय हि० प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा किया जाएगा।

vii) BOQ में उद्धरित/दर्शाई जाने वाली दरें GST सहित एव F.O.R H.P Board School Education Dharamshala होंगी।

viii) सफल निविदादाता (L1) को कार्यालय द्वारा आपूर्ति आदेश की तिथि से तीस दिनों के भीतर **Carton Box** की आपूर्ति सुनिश्चित करनी होगी अन्यथा विलम्ब की स्थिति में निम्न प्रकार से दण्ड लगाया जाएगा:–

| Sr. No. | Time Schedule | Penalty |
|---|---|---|
| 1. | 31 day to 40 | 3% |
| 2. | 41 day to 50 | 5% |
| 3. | Beyond 50 day | उपरोक्त उच्चतम वित्तीय दण्ड के अतिरिक्त सेवाप्रदाता का नाम काली सूची में डाला जाएगा तथा निष्पादन प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जाएगी। |

5. **मूल्यांकन प्राक्रिया:-**

i) सक्षम प्राधिकारी द्वारा गठित समिति सर्वप्रथम निविदाओं का मूल्यांकन निविदा में अपलोड दस्तावेजों अनुसार एवं निविदा की नियम व शर्तो के अनुसार करेगी। गठित समिति द्वारा ई–निविदा प्रणाली के अनुसार तकनीकी निविदा में अपलोड दस्तावेजों और भौतिक रूप से जमा करवाए गए दस्तावेजों का आपस में मिलान एवं मूल्यांकन किया जाएगा। दस्तावेजों के मूल्यांकन के अतिरिक्त निर्धारित आकार एवं विनिर्देश (Size & Specification) अनुसार सैम्पल का मूल्यांकन भी तकनीकी निविदा में मूल्यांकन का हिस्सा होगा।

ii) केवल तकनीकी निविदा में सफल घोषित निविदादाता की वित्तीय निविदा खोली जाएगी एवं वित्तीय निविदा में उद्धरित/दर्शाई दरों का मूल्यांकन किया जाएगा तथा जिस निविदादाताकी दरें सबसे कम होगी, उसे सफल निविदादाता(L1) घोषित किया जाएगा।

6. निविदा में भाग लेने वाले निविदादाता को तकनीकी निविदा में **Carton Box** की Specification, (GSM सहित) के बारे में **प्रपत्र 'D'** पर शपथ पत्र 100 रूपये के स्टाम पेपर पर Notary द्वारा सत्यापित करवाकर देना होगा। यदि उसके द्वारा शपथ पत्र में दी गई सूचना किसी भी स्तर पर गलत पाई जाएगी तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। सफल निविदादाता को कॉर्टन बॉक्स की आपूर्ति निविदा में निर्धारित मापदण्डों जैसे Size, Specification, GSM etc के अनुसार सुनिश्चित करनी होगी। अगर उसमें किसी प्रकार की कोई भी भिन्नता पाई जाती है तो सफल निविदादाता की निष्पादन प्रतिभूति राशि को जब्त कर लिया जाएगा।

7. सफल निविदादाता (L1) को कॉर्टन बॉक्स की आपूर्ति बोर्ड द्वारा ई–मेल के माध्यम से सूचितकरने की तिथि के तीस दिनों के भीतर सुनिश्चित करनी होगी, अन्यथा 4 (viii) के अनुसार दण्ड का निर्धारण किया जाएगा।

8. सफल निविदादाता को अन्तिम आपूर्ति आदेश से पूर्व तैयार किए गए कॉर्टन बॉक्स का एक सैम्पल कार्यालय को भेजना होगा जिसके Specification एवं GSM के निर्धारित मापदण्डों की पुष्टि स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा किसी भी सरकारी या मान्यता प्राप्त Agency से Testing/ प्रमाणिकरण आवश्यकता होने पर करवाई जा सकती है तथा उस पर आने वाले व्यय का भुगतान सफल निविदादाता (L1) को करना होगा अन्यथा यह राशि उसे देय होने वाली भुगतान से काटी जाएगी।

9. अन्तिम आपूर्ति आदेश सफल निविदादाता द्वारा जमा करवाए गए सैम्पल की गुणवत्ता संतोषजनक पाए जाने पर ही जारी किया जाएगा।

10. सफल निविदादाता (L1) बोर्ड के सक्षम अधिकारी द्वारा दिए गए आदेशों का पालन करने के लिए बाध्य होगा।

11. हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा गठित समिति सफल निविदादाता (L1) से मोलभाव का अधिकार रखती है।

12. किसी निविदा या सभी निविदाओं को बिना कारण बताए अस्वीकार करने का अधिकार सचिव, हि०प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड के पास सुरक्षित रहेगा।

13. जिन विषयों के बारे में उपरोक्त निबन्धन व शर्तों में कोई प्रावधान नहीं है, उनके बारे में निर्णय हि० प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड में लागू नियमों या सक्षम अधिकारी द्वारा पारित आदेशों के अनुसार किया जाएगा।

14. किसी बात पर असहमति होने पर अन्तिम निर्णय का अधिकार माननीय अध्यक्ष, हि०प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला का होगा तथा वह सभी पक्षकारों को स्वीकार्य होगा।

15. किसी प्रकार के न्यायिक मामलों के लिये माननीय न्यायालय का अधिकार क्षेत्र जिला कांगडा स्थित धर्मशाला में ही मान्य होगा।

16. अनुमोदित दरें अधिसूचित/सूचित किए जाने की तिथि से एक साल तक मान्य होगी। यदि सेवाप्रदाता द्वारा की गई आपूर्ति संतोषजनक पाई जाती है तो इस स्थिति में दोनों पक्षों की सहमति पर बोर्ड स्वीकृत/अधिसूचित दरों को एक वर्ष की अवधि पूर्ण होने पर सक्षम अधिकारी की अनुमति उपरान्त आगामी निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने तक या आगामी एक वर्ष की अवधि के लिए बढ़ौतरी की जा सकती है।

17. सफल निविदादाता को किसी भी प्रकार की अग्रिम राशि प्रदान नहीं की जाएगी। आदेश अनुसार सही व संतोषजनक आपूर्ति पाए जाने पर देय राशि का भुगतान RTGS/NEFT के माध्यम से किया जाएगा।

18. बिल का भुगतान वस्तु एंव सेवाकर तथा आयकर से सम्बन्धित नियमासनुसार स्त्रोत से कर की कटौती उपरान्त किया जाएगा।

19. सेवाप्रदाता द्वारा कार्यालय में जमा की गई निष्पादन प्रतिभूति राशि को सचिव, हि० प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा आपूर्ति संतोषजनक पाए जाने व निविदा की शर्तों का नियमानुसार पालन करने के आधार पर मुक्त किया जाएगा।



सचिव

Annexure **'A'**

**हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला(कांगड़ा)–176215**
**H.P. BOARD OF SCHOOL EDUCATION, DHARAMSHALA-176215**

## तकनीकी निविदा

Printing and Supply of Carton Boxes
**(कार्टन बाक्स की छपाई व आपूर्ति)**

| कमांक | विवरण | |
|---|---|---|
| 1. | निविदादाता का नाम | |
| 2. | निविदादाता का पता | |
| 3. | कार्यालय दूरभाष नम्बर<br>मोबाइल नम्बर, ई–मेल आई0 डी0 | |
| 4. | स्थायी आयकर खाता संख्या<br>(आयकर सम्बन्धी दस्तावेज संलग्न किये जाएं)। | |
| 5. | GSTIN न0 व पंजीकरण संख्या का प्रमाण संलग्न करें। | |
| 6. | यदि निविदादाता सांझेदारी फर्म हो तो उस अवस्था में Registrar of Firms की ओर से जारी पंजीकरण तथा Partnership Deed जोकि Partnership (Act 1932) तथा समय-समय पर हुए संशोधनों के अर्न्तगत जारी की गई हो, की **छायाप्रति संलग्न** करें। | |
| 7. | यदि निविदादाता Public Ltd/Pvt Ltd Company के तौर पर भाग ले रहा हो तो उस अवस्था में निविदा के साथ Company Act 1956तथा समय-समय पर हुए संशोधनों के अर्न्तगत जारी Certificate of Incorporation तथा Memorandum of Association/Article of Association की **छायाप्रति संलग्न** करें। | |
| 8 | **निविदा शुल्क** | |
| | i) डिमांड ड्राफ्ट न0 | |
| | ii) राशि | ₹ 1,000/- |
| | iii) जारीकर्ता बैंक का नाम व शाखा | |
| | iv) दिनांक | |
| 9. | **धरोहर राशि का विवरण** | |
| | i) एफ0डी0आर0 न0 | |
| | ii) राशि | ₹ 25,000/- |
| | iii) जारीकर्ता बैंक का नाम व शाखा | |
| | v) दिनांक | |
| | निविदा फीस का मूल बैंक ड्राफ्ट, धरोहर राशि की मूल एफ0डी0आर0 संलग्न करें। | |
| 10. | प्रपत्र B के अनुसार नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र की मूल प्रति संलग्न करें। | |
| 11. | प्रपत्र C के अनुसार मिलीभगत विरोधी शपथ पत्र (Anti-Collusion Affidavit) की मूल प्रति संलग्न करें। | |
| 12. | Power of Attorney in favour of authorized person issued by firm/Company | |
| 13. | प्रपत्र D के अनुसार शपथ पत्र (Undertaking about Specification & GSM) | |
| 14. | Whether sample of Catron Box deposited of or Not | Yes/No |

मैं, घोषणा करता/करती हूं कि मुझे/हमें निविदा में दिए गए नियम व शर्ते स्वीकार है। अपेक्षित दस्तावेज/प्रमाण पत्र संलग्न कर दिए गये हैं। उपरोक्त समस्त सूचना पूर्णतयाः सत्य हैं। इससे सम्बन्धित कोई भी सूचनाएं छिपाई नहीं गयी हैं। यदि कोई सूचना असत्य अथवा अपूर्ण पायी जाती है तो उसके लिये मैं/हम स्वयं उत्तरदायी रहूंगा/रहूंगी।

दिनांकः

निविदादाता के हस्ताक्षर
नाम ____________

Annexure**'B'**

**DECLARATION BY BIDDER**

**(Affidavit duly attested by the Notary Public to be submitted on stamp paper of Rs.100/-)**

To

The Secretary
H.P Board of School Education,
Dharamshala.

Sir,

In reference to the Technical bid document for Printing and Supply of Carton Boxes, I/We do hereby declare that I/We/am/are proprietor /partner /director of the business concern/company.

That, I/We______________________________do hereby declare that I/We have read and understood the terms and conditions of the Tender and further declare that I/we shall be abide by the terms & conditions of tender.

I/ We further declare that I/my business concern/firm/company have not been blacklisted by any Govt. department/Board Corporation/PSU/University etc.(as the case may be) including forfeiture of performance security/security amount(as the case may be) or debarred/No FIR is registered/forfeiture of EMD. No such action is in progress against my/our business concern/firm/company. Further, there is no Court Case pending in any Hon'ble Court which binding upon the aforesaid Tender in case above declaration found incorrect/false.

In case above information/declaration given by me/us is found to be incorrect at any stage, the H.P. Board of School Education, Dharamshala has right to take legal action against me/us beside penalty, if any, including forfeiture of performance security/security amount (as the case may be).

Place: …………..

Signature of
Proprietor/Director/Partner
with Stamp and Date

**VERIFICATIONS**

I/We ____________________________________________do hereby verify that the contents of the declaration made by me/us are correct and true to the best of my knowledge and nothing has been concealed therein. Hence, I/we have verified and signed on the_________day of_____at____________.

Signature of
Proprietor/Director/Partner
with Stamp and Date

Annexure **'C'**

## Anti-Collusion Affidavit

**(To be submitted duly attested by the Notary Public on stamp paper of Rs.100/-)**

To

The Secretary
H.P Board of School Education,
Dharamshala.

Sir,

I/ We ______________________ undertake that, in competing for (and, if the award is made to us) in executing the above contract, I / we will strictly observe the laws against fraud and corruption in force in India namely "Prevention of Corruption Act 1988".

I / We hereby certify and confirm that in the preparation and submission of our Proposal, I / we have not acted in concert or in collusion with any other Bidder or other person(s) and also not done any act, deed or thing which is or could be regarded as anti-competitive.

I / We further confirm that we have neither proposed nor will propose any illegal gratification in cash or kind to any person or agency in connection with the instant Proposal.

Dated this _______ day of _____________, 2025

_______________________________
(Name of the Bidder)

_______________________________
(Signature of the Bidder / Authorized Person)

**VERIFICATIONS**

I/We ___________________________________ do hereby verify that the contents of the declaration made by me/us are correct and true to the best of my knowledge and nothing has been concealed therein. Hence, I/we have verified and signed on the ________ day of _____ at ____________.

Signature & Seal of bidder

Annexure **'D'**

# Affidavit (शपथ पत्र)

**Subject:** **Affidavit for Supply of Carton Boxes as per Tender Specifications& GSM**

To,

The Secretary
H.P Board of School Education,
Dharamshala.

Sir,

I/We, ______________ the undersigned, do hereby undertake and confirm that:

1. I/We ________________________________ have carefully read and understood all the terms, conditions, and technical specifications mentioned in the tender document for the supply of **Carton Boxes**.
2. I/We hereby agree and undertake to **supply the Carton Boxes strictly as per the specifications, dimensions, quality, and quantity** mentioned in the tender document issued by the H.P. Board of School Education Dharamshala.
3. I/We further undertake that in the event of any deviation from the specifications or failure to deliver the required quality and quantity within the stipulated time frame, the Board shall have full authority to take appropriate action as deemed fit, including forfeiture of EMD/performance security deposit and blacklisting, in view of Tender terms and condition.
4. I/We declare that the materials supplied shall be **new, unused, and of the best quality**, and shall conform to the standards and specifications prescribed in the tender.
5. I/We hereby also confirm that we shall bear full responsibility for any loss/damage caused due to defective material or non-compliance of tender terms.

This undertaking is made in good faith and with full understanding of the obligations under the tender.

Date:
Place:

(Signature of Authorized Signatory)

______________________________
(Name of the Bidder)
Address: ____________________
____________________
Contact No.: ____________________
Email ID: ____________________
Seal of the Firm

**VERIFICATIONS**

I/We ______________________________ do hereby verify that the contents of the declaration made by me/us are correct and true to the best of my knowledge and nothing has been concealed therein. Hence, I/we have verified and signed on the ______ day of ______ at ________.

# BOTH SIDE PRINTING OF HPBOSE LOGO ON CARTON BOXES

## HANDLE WITH CARE

HIMACHAL PRADESH BOARD OF SCHOOL

EDUCATION DHARAMSHALA - 176215

## CONFIDENTIAL MATERIAL